आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



कांग्रेस विधायक कैशकांड

# सीबीआइ जांच के लिए जनहित याचिका दायर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पलामू के एक आम निवासी मिथिलेश कुमार सिंह (57) ने एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका पश्चिम बंगाल में झारखंड के तीन विधायकों को 49 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार करने के मामले में की गयी है। याचिका दायर कर सीबीआइ जांच की मांग की गयी है, जो उन्होंने कथित तौर पर असम में एकत्र किये थे।

## घटना ने राज्य को बदनाम किया

याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर करने के लिए मीडिया रिपोर्ट को अपना आधार बनाते हुए कहा है कि इस घटना ने राज्य को बदनाम किया है। याचिकाकर्ता ने सीबीआइ जांच की अपनी मांग को सही ठहराते हुए कहा कि चूंकि झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम सहित तीन राज्यों के नाम मामले में शामिल हैं और ऐसा लगता है कि यह मौजूदा सरकार को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने कहा कि तीन विधायकों, इरफान अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी और राजेश कच्छप की नजरबंदी से पूरा राज्य परेशान है, क्योंकि उन्हें ऑपरेशन लोटस के डर से पिछले 15 दिनों से एक होटल में रखा गया है।

## केंद्रीय मंत्रालय से अनुरोध किया था

जनहित याचिका में गिरफ्तारी और कार्रवाई के पूरे प्रकरण का उल्लेख है, जिसमें बताया गया है कि कैसे तीन कांग्रेस विधायकों को 29 जुलाई, 2022 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा के रानीहाटी में एनएच-16 पर यात्रा करते हुए गिरफ्तार किया गया था और कैसे एक अन्य कांग्रेस नेता कुमार जयमंगल ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। 31 जुलाई को अरगोड़ा थाने में सरकार गिराने के प्रयास में शामिल होने का आरोप लगाया।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध चिंताजनक

# क्राइम अगेंस्ट वूमेन पर सख्त एक्शन लेने की जरूरत: जस्टिस एमआर शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड समेत देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस एमआर शाह ने कहा है कि क्राइम अगेंस्ट वूमेन के खिलाफ अब सख्त कदम समय की जरूरत है और इसे उठाना चाहिए। कड़े तरीके से इससे निपटना भी जरूरी है। पिछले एक-दो दशकों में महिला अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। द्रौपदी एवं माता सीता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब उनके सम्मान पर चोट पहुंची, थी तो पूरा साम्राज्य नष्ट हो गया था। जस्टिस शाह शनिवार को ज्यूडिशिएल एकेडमी में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध की घटनाओं को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रूण हत्या

**महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध की घटनाओं को लेकर कार्यक्रम आयोजित**

निरोधक कानून का सख्ती से पालन होना चाहिए। समाज को उच्च स्तर की शिक्षा देने की जरूरत है और समाज में जागरूकता भी लाना जरूरी है, ताकि महिलाओं के प्रति लोगो में सम्मान की भावना आये और उनके खिलाफ हो रहे अपराध की घटनाएं कम हों। पुलिस अधिकारियों को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनने की नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को भी महिला अपराध के मामलों के जल्द निपटारे के लिए आगे आना होगा। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ में अब बेटी बुलाओ को भी जोड़ा जाना चाहिए। बेटी का स्वागत करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध सदियों पुराना है, लेकिन आज यह काफी तेजी से बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। महिला अपराध से संबंधित जो भी मामले थाने में पहुंचते हैं, उन मामलों पर अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे में पुलिस को समाज में विश्वास पैदा करने की जरूरत है, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार को पुलिस के समक्ष रख सकें।

## लिंग आधारित हिंसा बढ़ने से महिलाएं हो रहीं असुरक्षित: चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन

हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन ने कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं के प्रति शारीरिक और मानसिक हिंसा, प्रताड़ना, यौन हिंसा के मामले देश में काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। लिंग आधारित हिंसा बढ़ने से समाज में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिलाओं की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। पुरुष आधारित समाज के कारण महिलाओं के खिलाफ हिंसा में बढ़ोत्तरी हुई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में दोषियों को कड़ा दंड मिलना चाहिए, ताकि समाज में ऐसी घटनाओं को अंजाम देनेवालों में भय पैदा हो और समाज में कड़ा संदेश जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को भी महिला अपराध से संबंधित मामलों में संजीदा रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आदिवासी और मूलवासी समाज का महाजुटान आज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी-मूलवासी समाज राज्य में स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लागू करने की मांग को लेकर 11 सितंबर रविवार को महाजुटान करेगा। इस महाजुटान में सरकार पर स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने का दबाव बनाया जायेगा। इस बात की जानकारी अदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने दी। उन्होंने कहा कि यह महाजुटान ऐतिहासिक होगा। मिली जानकारी के अनुसार इस महाजुटान में बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबंगा, पूर्व सांसद त्रिसेन सिंकू सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

## हजारों आदिवासी और मूलवाली होंगे शामिल

झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक सह अदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बताया कि झारखंड बचाओ मोर्चा

**स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करने की मांग**

के तत्वावधान में 11 सितंबर 2022 को स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति की मांग को लेकर प्रमंडलीय स्तर का महासम्मेलन पुराना विधानसभा मैदान सेक्टर-2, रांची में आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गयी है। उन्होंने बताया कि इस महाजुटान में हजारों आदिवासी-मूलवाली शामिल होंगे। विजय शंकर नायक ने कहा कि आदिवासी मूलवासियों की स्थिति इन 22 वर्ष में सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से कमजोर हुई है। अब तो स्थिति दिन प्रतिदिन और भी भयावह होती जा रही है। राज्य की सभी सत्ताधारी पार्टियों ने आदिवासियों मूलवासियों को छलने का काम किया है। आज झारखंडी समाज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नायक ने सभी धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के माझी परगनैत, डोकोलो सोहर, मानकी मुंडा, सरना समितियों के अग्रणी लोगों से अपील की है कि इस सम्मेलन को सफल बनायें।

# कॅरियर के साथ बेहतर इंसान बनाना ही शिक्षा का असल उद्देश्य: डॉ अयूब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मास कम्युनिकेशन और फिल्म मेकिंग के कोर्स के जरिये करियर की अनेक राहें खुलती हैं, लेकिन इसके साथ ही यह जरूरी है कि स्टूडेंट को एक बेहतर और व्यावहारिक इंसान बनने की शिक्षा मिले। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन इसी विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। ये बातें डिपार्टमेंट के डायरेक्टर और विश्वविद्यालय के डीन (मानविकी संकाय) डॉ मो अयूब ने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में जर्नलिज्म और फिल्म मेकिंग के स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान कहीं। डॉ अयूब ने कहा कि कुछ वर्षों में ही स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन ने अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। हमारे विद्यार्थी पत्रकारिता से लेकर फिल्म मेकिंग सहित



विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन सफलता हासिल कर रहे हैं। अनुभवी और कुशल फैकल्टीज की बदौलत स्टूडेंट्स को सही दिशा हासिल हो रही है।

### विजन और कौशल में बेहतरीन है डीएसपीएमयू: मधुकर

वरिष्ठ पत्रकार और यूनिवर्सिटी के सीनियर विजिटिंग फैकल्टी मधुकर ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए जिस विजन और कौशल की जरूरत होती है, वह इस संस्थान में बखूबी मिलती है। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नेशनल-इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित चर्चित फिल्मकार और सीनियर फैकल्टी श्रीप्रकाश ने कहा कि अगर छात्रों के भीतर सीखने का जज्बा और कुछ करने की ललक हो तो इस संस्थान में उसका मार्गदर्शन करने के लिए अनुभवी और ज्ञानी शिक्षकों का एक बेहतरीन पैनल है। वरिष्ठ पत्रकार और सीनियर फैकल्टी घनश्याम श्रीवास्तव ने पत्रकारिता के ज्ञान, क्षेत्र, भाषाई संस्कार और इसके महत्व पर रोशनी डाली।

### टेक्नोलॉजी के साथ पत्रकारिता में बढ़ रहे करियर के अवसर

वरिष्ठ पत्रकार शंभुनाथ चौधरी ने टेक्नोलॉजी के विकास के साथ पत्रकारिता में करियर के बढ़ते अवसरों से अवगत कराया। एनएसडी पास आउट सीनियर फैकल्टी संजय कुमार लाल ने थिएटर और सिनेमा के विविध पहलुओं से स्टूडेंट्स को अवगत कराया। इस मौके पर उनके निर्देशन में कई मंचों पर अभिनय प्रतिभा की छाप छोड़ चुकी छात्रा रेणु ने महाभारत से जुड़े प्रसंग पर जीवंत एकल अभिनय प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरीं। सीनियर फैकल्टी और वरिष्ठ पत्रकार संजय पांडेय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में संस्थान की ओर से किये जा रहे अभिनव प्रयोग की जानकारी दी, जबकि फैकल्टी रवि प्रकाश ने कैमरे की बारीकियों पर रोशनी डाली।

# स्कूल से सटा चल रहा खटाल रौब ऐसा कि उपायुक्त भी चुप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदर्शनगर हरमू के न्यू प्राथमिक विद्यालय में 625 पढ़ते हैं। विडंबना देखिये के शिक्षा के इस मंदिर के पास ही दबंगों ने खटाल खोल दिये हैं। गंदगी और दुर्गंध के कारण वहां सांस लेना भी मुश्किल है, पढ़ाई की बात तो सोची भी नहीं जा सकती। पूरे दिन छात्र और शिक्षक नाक बंद किये बैठे रहते हैं। अक्सर गंदगी के कारण बच्चों में बीमारी भी फैल जाती है।

सबसे दुखद बात यह है कि शिकायत मिलनेक` बाद कोरोना काल से पहले शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, मेयर आशा लकड़ा, डीसी, डीएसई ने भी



निरीक्षण किया था। उसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खटाल को हटा दिया गया था, लेकिन फिर दबंगों ने उसे बसा लिया। कई अवसरों पर पुलिस ने कार्रवाई भी की। जानवर तक जब्त किये, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से वही स्थिति।

डोरंडा कॉलेज के प्रोफेसर से मारपीट मामला

# शिक्षकों ने विरोध-प्रदर्शन किया, सुरक्षा की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में बीते दिन प्रोफेसर मतिउर रहमान के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की थी। बदमाशों ने कॉलेज के अंदर घुस कर मारपीट की थी। उसमें उन्हें काफी चोट आयी थी। इससे नाराज शिक्षकों ने शनिवार को कॉलेज में प्रदर्शन किया और अपनी सुरक्षा की मांग की। शिक्षकों ने प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की।

## तीन आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

प्रोफेसर मतिउर रहमान की पिटाई करनेवाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसमें डोरंडा यूनुस चौक के रहनेवाले दानिश को धनबाद के मैथन से धर दबोचा है। यह गिरफ्तारी शुक्रवार देर रात हुई है। दानिश के अलावा तस्लीम और शाहिद को भी गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इन बदमाशों ने प्रोफेसर को इसलिए दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था कि उन्होंने इनको कॉलेज परिसर में नशापान करने और अड्डाबाजी करने से मना किया था। ये बदमाश कॉलेज परिसर को अपने अड्डे के रूप में इस्तेमाल करते हैं और झुंड में नशापान करते हैं।

चाणक्य आइएएस एकेडमी में अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नये बैच की शुरुआत कल से

# सिविल सेवा अभ्यर्थियों की पहली पसंद अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स : विनय मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी में चल रहे अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के बारे में मीडिया को जानकारी दी। विनय मिश्रा ने कहा कि सिविल सेवा के परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स पहली पसंद बन कर उभरा है। यूपीएससी व जेपीएससी परीक्षा की तैयारी को लेकर चाणक्य आइएएस एकेडमी में अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नये बैच की शुरूआत

CHANAKYA IAS ACADEMY
Nurturing Leaders of Tomorrow

**वर्षों के रिसर्च के बाद यह कोर्स तैयार किया गया**

12 सितंबर से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कई वर्षों के रिसर्च के बाद इसे तैयार किया गया है। इस कोर्स की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें बेसिक से लेकर इंटरव्यू तक की तैयारी करायी जाती है। इससे सफलता हासिल करना अभ्यर्थियों के लिए आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की तैयारी के लिए 12वीं परीक्षा पास करने के




बाद का समय काफी अहम है। इसी को ध्यान में रखते हुए यूपीएससी की तैयारी के लिए तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स संस्थान की ओर से तैयार किया गया है। 12 सितंबर से शुरू हो रहे यूपीएससी व जेपीएससी अपग्रेडड फाउंडेशन कोर्स के बैच को लेकर इच्छुक अभ्यर्थी चाणक्य आइएएस एकेडमी के लालपुर स्थित संस्थान के रांची शाखा में इससे संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर नामांकन करा सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 14 तक भारी बारिश

रांची (आजाद सिपाही)। रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में 14 सितंबर तक भारी बारिश होगी। 11 सितंबर को कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ वज्रपात होने का पूवार्नुमान लगाया गया है, जबकि 12 सितंबर को दक्षिणी झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, मध्य झारखंड के रांची के अलावा बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ व उत्तर-पूर्वी झारखंड के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज में भारी बारिश होगी।

### भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति डोरंडा का भूमि पूजन

रांची (आजाद सिपाही)। भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति डोरंडा रांची का पंडाल भूमि पूजन शनिवार को पूरे विधि विधान से संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस साल दो वर्षों के बाद धूमधाम से दुर्गोउत्स्व मनाया जायेगा। इसकी तैयारी पंडाल भूमि पूजन से शुरू हो गयी है। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक अजय नाथ शाहदेव, सुबोध कांत सहाय, संजय पांडेय, संरक्षक गौतम उपाध्याय, नवीन मल्होत्रा, मुन्ना सिंह, देवेंद्र प्रसाद, अनी अंबस्ट, गौतम बरैल्या, संदीप लाल, पूजा प्रभारी त्रिवेणी ठाकुर, राजेंद्र गोप, ओम प्रकाश, सुदर्शन ठाकुर, योगेश ठाकुर, संजय गोप, अशोक ठाकुर अध्यक्ष निक्की वर्मा, मंत्री भोलू वर्मा, रणधीर सिन्हा, सह मंत्री सन्नी ठाकुर संगठन मंत्री विक्की वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज नायक, रिकी पासवान, प्रचार मंत्री अंकित सिंह, गौतम मित्रा, कुलदीप ठाकुर, मीडिया प्रभारी अमित कुमार वर्मा, वरिष्ठ सदस्य गण गौरव वर्मा, ज्वाला सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रवि सिंह, संदीप ठाकुर, अंकित ठाकुर, अजय ठाकुर, सतीश पांडेय, सागर पांडेय, गौतम ठाकुर, अमन ठाकुर, आकाश अग्रवाल, अंकुर ठाकुर, बिट्टू और आयुष मौजूद थे।

### राष्ट्रीय नेतृत्व के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार



रांची (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल की सह प्रभारी नियुक्त होने के बाद रांची एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर आशा लकड़ा का भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र और बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में वार्ड पार्षद सुनील यादव संजय पोद्दार, अजय दुबे, राजेश सिंह, अवधेश दुबे, अंचल तिवारी, सूरज शहदेव, जानी वाकर खान, प्रवीण सिंह, सुबेश पांडे, रमा शंकर तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, सुधीर सिंह, अभय कुमार, शेखर सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। ललित नारायण ओझा ने कहा कि भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र के कारण ही ये संभव हो पाता है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर डॉ आशा लकड़ा जैसे समर्पित लोग पूरे देश के पटल पर पार्टी के नीति सिद्धांतों को घर-घर लेकर जाते हैं। राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से अपनी संगठनात्मक रचना और सोच को पार्टी के माध्यम से समाज में विस्तार करते हैं।

### दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची उड़ान द्वारा शनिवार को रानी सती विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी दंत चिकित्सा जांच हुई। जेसी कीर्ति बुधिया एवं जेसी



सुष्मिता सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि दंत चिकित्सक डॉ आशीष भगत ने अपना कीमती समय हमें दिया। अध्यक्ष निधि सर्राफ ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर सचिव पिया पोद्दार, कार्यक्रम की संयोजिका कृति बुधिया एवं सुष्मिता सोमानी आदि उपस्थित रहीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा सरावगी ने दी।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तलाब के मंदिर परिसर में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी श्री चैती दुर्गा मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। इसमें



मुख्य रूप से उपस्थित रांची के सिटी डीएसपी दीपक कुमार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, समिति के संरक्षक कुश अग्रवाल, विक्रम सिंह (सोनू सिंह), रांची जिला दुर्गा पूजा समिति संयोजक एवं रांची रेलवे स्टेशन के अध्यक्ष मुनचुन राय, राहुल शर्मा, समिति के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, उपाध्यक्ष मनीष शेठी, अमन चद्रवंशी वितरण कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य संजय सिंह (लल्लू), शिव किशोर शर्मा, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरव रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में ओरिएंटेशन क्लास शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज कांके रोड में बीबीए सत्र 2022-2025 के नये छात्रों का सोमवार सुबह 10:30 बजे ओरिएंटेशन क्लास लिया जायेगा। इसमें पाठ्यक्रम ड्रेस कोड आदि के बारे में जानकरी दी जायेगी।

### शिक्षकों ने किया विरोध-प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षकों ने डोरंडा कॉलेज के प्राध्यापक डॉ मतिउर रहमान के साथ दुर्व्यवहार के संदर्भ में शिक्षक संघ के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पूर्वाह्न 11 बजे संघ के महासचिव डॉ अशोक कुमार नाग के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक तौर पर अपना विरोध जाहिर किया। मौके पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ सैयद मोबारक अब्बास, महासचिव डॉ अशोक कुमार नाग, डॉ अभय कृष्णा सिंह, डॉ मो अयूब, राजेश कुमार सिंह, डॉ सर्वोत्तम कुमार, डॉ आभा झा, डॉ शालिनी लाल, डॉ विद्ययन कुमारी, डॉ आइएन साहू समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### युवा दस्ता की वार्षिक बैठक संपन्न




रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को युवा दस्ता की वार्षिक बैठक श्री दुर्गा मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और वर्ष 2021 में युवा दस्ता द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में युवा दस्ता के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू, मौलेश सिंह और युवा दस्ता के ग्रामीण अध्यक्ष मदन साहू की देखरेख में महोत्सव को सफल बनाया जायेगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि युवा दस्ता जिला प्रशाशन, दुगार्पूजा आयोजन समिति और मां भवानी के भक्तों के बीच समन्वय बनाकर कड़ी का काम करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 सितंबर को दुगार्पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता के संगठन का विस्तार किया जायेगा। बैठक में रमेश सिंह, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, राहुल सिन्हा चंकी, युवराज पासवान, आनंद शंकर मुंडा, पीयूष आनंद, मदन साहू, अमरदीप साहू, श्रवण कुमार, सपन बोस, राधे सिन्हा, अंकित सिंह, शशांक कुमार, मनीष साहू, श्रवण कुमार, रितेश साहू, कौशल कुमार सोनी, संदीप रजक, राहुल गुप्ता, राकेश सिंह, मंटू दुबे, ओम प्रकाश, टिंकू महतो, विशाल पाठक, सोनू भारद्वाज, विशाल जयसवाल को सभी क्षेत्रों से युवा दस्ता में सदस्यों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गयी।

### 10 जून को जुमे की नमाज के बाद उपद्रव, पत्थरबाजी गोलीबारी मामले में सीआइडी ने चार्जशीट दाखिल की

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मेन रोड में 10 जून को जुमे की नमाज के बाद उपद्रव, पत्थरबाजी व गोलीबारी मामले में सीआइडी ने शनिवार की देर रात 11 नामजद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। जिनपर चार्जशीट दाखिल की गयी है, उनमें मोहम्मद अमजद, इरफान जुवेर आलम उर्फ इरफान अंसारी, मोहम्मद माज, अरमान हुसैन, सरफराज आलम, शहबाज, अफसर आलम व रमजान अली व तीन अन्य शामिल हैं। इनके अलावा चार्जशीट में उन दोनों मृतकों मुद्दस्सिर उर्फ कैफी व मोहम्मद साहिल के नाम भी शामिल हैं, जिनकी उपद्रव के दौरान गोली लगने से मौत हुई थी। सभी आरोपियों पर एक साजिश के तहत सुनियोजित तरीके से बवाल मचाने, सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश करने, शहर को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का प्रयास करने व उन्हें उपद्रव से रोकने पहुंचे पुलिस अफसरों पर जानलेवा हमला करने के आरोपों की पुष्टि हुई है।

### डीएवी हेहल में शिक्षक दिवस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को डीएवी हेहल और शिक्षा दीप के तत्वावधान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर न्यायमूर्ति बीएन राय उपस्थित थे। उनके साथ खादी ग्राम उद्योग के महामंत्री अभय कुमार चौधरी, वार्ड पार्षद विनोद सिंह उपस्थित थे। न्यायमूर्ति बीएन राय ने दीप प्रज्वलित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय निदेशक शिव नंदन पाठक ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है सजो जीवन पर्यंत चलता है। शिक्षक कुम्हार की भांति हैं, जो अपने विद्यार्थियों को सुंदर आकार प्रदान करते हैं। विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को दोहराया। उप प्राचार्य आनंद कुमार ने अपनी निष्ठा को जाहिर करते हुए अपने छात्र-छात्राओं के प्रति प्रेम भाव बनाए रखने की उम्मीद जाहिर की। विद्यालय के शिक्षक विमलेश कुमार, मनोज कुमार, दिव्यांश, अनुज, रिंकी कुमारी, अस्मिता कुमारी, मधुबाला कुमारी, आरती कुमारी, अंजली कुमारी, अनु आस्था आदि शिक्षकों ने अपना योगदान देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रधान शिक्षिका सुगी महतो ने किया।

### बरियातू में ईंद जतरा का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)।शनिवार को तेतर टोली सरना समिति बरियातू के तत्वावधान में करम पूजा महोत्सव के शुभ अवसर पर ईंद जतरा का आयोजन मुख्य पाहन बिरसा मुंडा द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। जतरा में अतिथि के रूप में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन, बलकू उरांव हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, चामू बेक, उपस्थित थे। जतरा को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंतु तिर्की, कृष्णा मुंडा, रवि पाहन, सोनू तिर्की, बादल मुंडा, हरीश मुंडा, दीपक तिर्की, अमित तिर्की, जीवन भूटकुंवर,राजेश मुंडा,संतोष कच्छप, सूर्या तिर्की, सूरज मुंडा, अरुण कच्छप, दीपकरण तिर्की,रवि मुंडा,रामरती कच्छप,संतोष कच्छप, अंकित मुंडा, अमर मुंडा, अभिक मुंडा, राधे मुंडा, सावन मुंडा, अजय मुंडा, रोहन मुंडा, मादी मुंडा, महावीर मुंडा, सोमनाथ मुंडा योगदान रहा।

### तीसरा राज्य स्तरीय योगासन एवं खेल प्रतियोगिया 15 से

रांची (आजाद सिपाही)। तीसरा राज्य स्तरीय योगासन एवं खेल प्रतियोगिया सरला बिरला विश्वविद्यालय में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में 15-17 सितंबर को आयोजित की जा रही है। प्रतियोगता से सम्बंधित व्यवस्थाओं के संदर्भ में सरला बिरला विश्वविद्यालय में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग की डीन प्रो डॉ नीलिमा पाठक की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के सभी जिलों से चुने हुए कुल 300 प्रतिभागी भाग लेंगे। बैठक में कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, कोऑर्डिनेटर सह एडमिनिस्ट्रेटर आशुतोष कुमार द्विवेदी, पीएओ प्रवीण कुमार, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, अमित चरण, सीएस महथा, डॉ नीतू सिंघी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, एसएन शाहदेव, डॉ नम्रता चौहान, राहुल रंजन, अमित शर्मा, प्रवीण पाठक, श्रीमती अंजना सिंह, ऋषि राज जमुआर, रविंद्र तिवारी, प्रशांत जमुआर तथा कमिटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### श्री सिद्धिविनायक मंदिर, टोम्स रिवर, न्यू जर्सी में मनाया गया गणेश चतुर्थी का महोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)।श्री सिद्धिविनायक मंदिर, टोम्स रिवर, न्यू जर्सी, यू एस ऐ का उदघाटन 2014 में महेन्द्र सिंह धोनी ने सुदेश महतो की उपस्थिति मे की थी। मंदिर मे गणेश चतुर्थी का महोत्सव 11 दिनों तक बहुत उत्साह से मनाया गया। 31 अगस्त के सुबह से श्री गणेश भगवान की पूजा आरंभ हुई। प्रति दिन करीब 150 श्रद्धालु पूजा अर्चना हवन में सम्मिलित हुए। मंदिर के कर्म सेवकों ने मिल कर मंदिर मे ही महाप्रसाद का आयोजन किया। 9 सितंबर के दिन इस महोत्सव का गणेश विसर्जन के साथ समापन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर से नदी तक पदयात्रा कर श्री गणेश जी का विसर्जन किया। इस अवसर पर जल्लोश ढोल ताशा का भी प्रदर्शन जुलूस के साथ हुआ। पूजा हवन पंडित डॉक्टर गणेश प्रसाद ओझा द्वारा संपन्न किया गया। यह जानकारी मंदिर के चेयरमैन रांची के डॉक्टर अविनाश गुप्ता ने दी। इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि भारतीयों के द्वारा अमेरिका में भारतीय परंपराओं एवं आध्यात्मिक रीति-रिवाजों को बनाये रखने का कार्य बजाना द्वारा किया जाना सराहनीय है। भारत की आध्यात्मिक परंपराएं विश्व में विश्व बंधुत्व, मानवता के साथ-साथ शांति व सद्भाव का संदेश देता है।

### अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की बैठक में बोले सुदेश महतो

# विषयों को तार्किक रूप से रखने में सक्षम हैं अधिवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के विभिन्न जिलों से आये अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। यह बैठक सुदेश महतो के कांके रांची स्थित आवास में हुई। इस दौरान उन्होंने न्यायपालिका में मामलों के निस्तारण में विलंब होने से आम जनता को समय से न्याय नहीं मिल पाता, जिससे लोगों में निराशा की भावना व्याप्त होती है। आज गरीबों को न्याय पाना मुश्किल हो गया है। अधिवक्ता विषयों को तार्किक रुप से रखने में सक्षम होते हैं। ऐसे में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की भूमिका और बड़ी हो जाती है।

**ग्रामीणों में कानूनी विषयों की जानकारी कम :** उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आज भी ग्रामीणों में कानूनी विषयों की जानकारी बहुत कम है। जागरुकता की कमी के कारण सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी आम जनता को कोर्ट, कचहरी एवं कार्यालयों का चक्कर लगवाते रहते हैं। महतो ने कहा कि हमारी जिम्मेदारियां बड़ी हैं। ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओं को बड़ी एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। 15 एवं 16 अक्टूबर को मधुबन में आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का अधिवेशन 15 एवं 16 अक्टूबर को मधुबन में आयोजित किया जाएगा। बैठक में गोमिया विधायक सह केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची से अधिवक्ता भरत चंद्र महतो, अजीत कुमार महतो, एहसान अंसारी, निरंजन राम, सतीश लिंडा, जितेंद्र प्रसाद, झारखंड हाईकोर्ट से रमेश सिंह, दिनेश चौधरी, गोपेश्वर सिंह, परमेश्वर कुमार महतो, कामेंद्र राय, रामगढ़ से महेंद्र कुमार, झलखदेव महतो, मुनेश्वर महतो, हरखनाथ महतो, बोकारो से अधिवक्ता वकील महतो, परमेश्वर महतो, भजन महतो, धनबाद से अधिवक्ता आरएस गोस्वामी, खूंटी से अधिवक्ता सुरखरी कुमारी, तेनुघाट से अधिवक्ता वकील महतो मौजूद थे।

# झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड 2022 में सम्मानित हुए कई विभूति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड 2022, हमे नाज है आप पर, समाचार प्लस झारखंड बिहार ने एक समारोह आयोजित कर शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य, उद्योग व्यापार सहित अन्य क्षेत्रों मे अमूल्य योगदान देने वाले व्यक्तित्व और संस्थान को सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विशिष्ट अथिति के तौर पर मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री जगरनाथ महतो, पदमश्री बलबीर दत्त सहित राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, डॉ घनश्याम सिंह, रांची की मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय,पदमश्री मधु मंसूरी, पदमश्री मुकुंद नायक के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति के लिए राज्य का विकास मुख्य उद्देश्य होना चाहिये। मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि समाज के हर तबके से चुन कर जिन विभूतियों को सम्मानित किया गया है वो एक अनूठा पहल है। मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि अमूल्य योगदान देने वाले व्यक्ति एवं संस्थान को सम्मानित कर झारखंड की सुन्दर तस्वीर सजाने का काम किया है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार पदमश्री बलबीर दत्त ने मीडिया हाउस को सामाजिक सरोकार से रिश्ता बनाने की अपील की। इस अवसर पर समाचार प्लस के चेयरमैन अविनाश कुमार ने भरोसा दिलाया कि पत्रकारिता के साथ हम समाज सेवा के लिए भी सदैव तत्परता से काम करते रहेंगे। मौके पर समाचार प्लस के संपादक ब्रजेश रॉय ने निष्पक्ष खबर परोसने की प्रतिबद्धता बताते हुए अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोग्राम प्रशांत भगत ने किया। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी ने किया।

# दो लड़कियों को रांची पोस्ट और नन्हे फरिश्ते ने बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में नन्हे फरिश्ते टीम लगातार नाबालिगों को रास्ता भटकने से बचा रही है। स्टेशन पर जब भी कोई ऐसे बच्चे या बच्चियां दिख जाती हैं, जिसपर टीम को जरा भी शक हो, उनकी तहकीकात टीम द्वारा की जाती है। जरा भी कुछ गड़बड़ी निकलने पर यह टीम बच्चों को खतरे के मुंह में जाने से रोकती है। इसी क्रम में शनिवार को ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत रांची पोस्ट और नन्हे फरिश्ते की टीम ने दो लड़कियों को बचाया है। दोनों लड़कियां दिल्ली में घरेलू मजदूर बनने जा रही थीं। ये लड़कियां सिमडेगा की रहनेवाली हैं। उन्हें ट्रेन संख्या 12817 ( हटिया - आनंद विहार ) से रेस्क्यू किया गया। लड़कियों को प्रेमाश्रय रांची को सौंप दिया गया। इस रेस्क्यू में रेलवे सुरक्षा बल रांची के निरीक्षक सुनीता पन्ना, उपनिरीक्षक सुनीता तिर्की, प्रधान आरक्षी ललिता कुमारी और आरक्षी पी कच्छप ने सहयोग किया है।

# चेंबर अध्यक्ष धीरज तनेजा ने कहा आर्थिक स्थिति सुधारने की है जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की नयी कार्यकारिणी के लिए शनिवार को आमसभा हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए चैंबर अध्यक्ष धीरज तनेजा ने कहा कि चैंबर को आर्थिक रूप से सशक्त करने की जरूरत है। वर्तमान स्थिति को अलार्मिंग कंडीशन समझा जाना चाहिए। वर्तमान कार्यकारिणी आय के विकल्पों पर बहुत कुछ नहीं कर पायी। क्योंकि चैंबर में बुकिंग कम रही। मासिक पत्रिका के जरिये होनेवाली आय भी अच्छा स्रोत है। लेकिन इसमें वृद्धि की जानी चाहिए। मेंबरशिप से भी आय को बढ़ाया जा सकता है। तनेजा ने इस दौरान कोविड के बाद हुई समस्याओं का जिक्र किया, जिसे चैंबर ने प्रशासन के साथ मिलकर सुलझाया। इसमें मुख्य रूप से उद्योग और परिवहन के मामले प्रमुख रहे।

**दो बजे से मतदान शुरू :** दोपहर दो बजे से मतदान शुरू हो गया। इस संबंध में चुनाव कमेटी के को चैयरमैन ललित केडिया ने बताया कि चुनाव में कुल 3570 सदस्य अपना वोट देंगे। मतदान 10 सितंबर के साथ-साथ 11 सितबर को भी सुबह नौ बजे से जारी रहेगा। चुनाव बाद नयी कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। बता दें कि चैंबर कार्यकारिणी में कुल 21 सदस्य चयनित होंगे।

**चुनाव की प्रक्रिया:** चुनाव का आयोजन चैंबर भवन में किया गया है। इस बार चुनाव क्रमांक के अनुसार नहीं होगा। जो सदस्य जब मतदान करना चाहेंगे, वो तब अपना वोट दे सकते है। बैलेट और कंप्यूटर दोनों माध्यमों से सदस्य मतदान कर सकतें है। सभी सदस्यों को कुल 21 वोट डालने है। इससे कम या अधिक वोट स्वीकार्य नहीं होगा। चंबर कार्यकारिणी में 21 सदस्यों को कार्यभार दिया जायेगा।

**57 सदस्यों के बीच मुकाबला:** पूर्व में कार्यकारिणी चुनाव के लिए कुल 62 सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया था। नाम वापसी के बाद अब कार्यकारिणी चुनाव के लिए 57 सदस्य बचे हैं। 6 प्रमंडलों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव होना है। पांच प्रमंडलों में एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण उन प्रमंडल में क्षेत्रीय उपाध्यक्षों का निर्विरोध चयन किया गया है। केवल संथाल परगना प्रमंडल के लिए चुनावी प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

# दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का विस्तार, चंचल चटर्जी बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को कोकर दुर्गा पूजा एचबी रोड कांप्लेक्स में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसके बाद कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी, वरीय कार्यकारी अध्यक्ष नीरज कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सानू सरकार, मुख्य संरक्षक रिपुंजय सिंह, संरक्षक संजीव विजयवर्गीय, ज्योतिमय बसाख, आलोक मित्रा, पीएन सिंह, विजय सिंह, शुशील मोहता, अजय चक्रवर्ती, अजय वर्धन, गौतम चटर्जी, प्रबीण अग्रवाल, सुबीर चक्रवर्ती, प्रबीर चक्रवर्ती, कृष्ण कुमार, रंजन पासवान, प्रिय रंजन सहाय, कुंदन ठाकुर, मुन्ना यादव, यूपी चटर्जी, कुंदन राय। कोर कमेटी में राजीव नंदी, कुणाल विजयवर्गीय, पप्पु वर्मा, उत्तम दुबे, रंजन वर्मा, अशोक सिंह, रुबलू सिंह, जोय घटक, संदीप बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष सम्राट चटर्जी, टिंकू झा,पॉली सिंह, कार्तिक वर्मा, राज सिन्हा, मुकुल सिंह, वरीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, गुड्डू सोनी, मनोज पासवान, नीरज भट्टाचार्य, आलोक दास, रणधीर प्रसाद, विक्की सिंह, चंदन राय, उपाध्यक्ष अनमोल झा, परमजीत राज, ऋषि गुप्ता, आशीष कुमार यादव, राजू झा, बंटी सिंह, हरि जयसवाल, नीरज कुमार तीवारी, विरेंद्र मिश्रा, राजेश भारती, किशुन मिश्रा, अजय पाठक, राहुल, राकेश दुबे मुख्य संगठन मंत्री केके वर्मा, महेश प्रसाद संगठन मंत्री शुभम सिंह, गौरव चटर्जी, सरगम चटर्जी, मुकेश ठाकुर, राजू यादव, बिट्टू राय, सोनु कुमार, मणीकाण्त पाठक, शिव शंकर मिश्रा प्रधान महासचिव दीपक राय महासचिव गोपाल सिंह, राजेश कुमार, डीएन सिंह, बसंत कर्मकार, विष्णु राम, सुनील कुमार, गोवर्धन तांति, आर्यण, बंटी रावत, रोहित, रमण, आकाश, गौरव कुमार, कृष्ण रजक, हर्ष कुमार, अंशु ठाकुर, विजय ठाकुर, गोलू राय, अमित कुमार, मिडिया प्रभारी कुंदन ठाकुर, रोहित सिंह, धीरज सिंह, नीरज सिंह, महिला समिति संगीता देवी, मंदिरा मजुमदार, सुनीता देवी और पारुल चक्रवर्ती को बनाया गया।

# कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक कोकर बाजार जतरा टांड़ के प्रांगण में संपन्न हुई। इसमें भव्य पूजा हेतु अध्यक्ष राजू राम द्वारा वर्ष 2022 का कमेटी विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष राजू राम ने की। इसमें अध्यक्ष राजू राम, मुख्य संरक्षक संतोष महतो, संजय राय, भरत कुमार पासवान, दुर्गा दास, संजीव विजयवर्गीय, उमेश राय, हरिनारायण सिंह, मनोज कुमार राम, संरक्षक जेपी भल्ला, संजय तिर्की, दिलिप स्वर्णकार, महावीर लकड़ा, शनिचरा उरांव, अर्जुन यादव, अनिल अग्रवाल, जगदेव महतो, शुभम मुंडा, शंभु पासवान, कमलेश प्रसाद, चंद्रमणि भारती, दशरथ रावत, संजय, जितेंद्र सिंह, पटेल कूजूर, शुशील राम, आलोक गुप्ता, कोर कमेटी में अनूज पासवान, युवराज पासवान, नवीन सिंह, मुकूल सिंह, सुनील यादव, आनंद साहू, अजय अग्रवाल, साकेत कुमार, संतलाल भगत, चुन्नू सिंह, आदित्य कुमार, धर्मेंद्र कुमार राम, प्रवीण पासवान, अजय भगत, दीपक राय, संतोष अग्रवाल, अरविंद पांडेय, संतोष प्रसाद, केजरीवाल तुलसी, वरीय कार्यकारी अध्यक्ष छोटू पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष आशीष वर्मा, जय प्रकाश कुमार, दीपक दास, ललित महतो, प्रधान महासचिव रोहित रंजन, सचिव वशिष्ठ लाल पासवान, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार पासवान, सह कोषाध्यक्ष बंटी पासवान, वरीय उपाध्यक्ष अमित कुमार चौरसिया, सागर पासवान, संजय कुमार राम, प्रकाश राम, गुड़न पासवान, पप्पू पासवान, संदीप पासवान, बावला राम, शिव कुमार पासवान, दिपक पासवान, राजन पासवान, गनेश पासवान, अशोक सिंह, रोशन कुमार पासवान, दिनेश पासवान, नितेश वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, सतीश भारती, रवि अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विक्की पासवान, मुन्ना मुंडा, विजय मुंडा, दिनेश मुंडा, चूडरू मुंडा, संजय ठाकुर, डब्बी तिर्की, संतोष अग्रवाल, अर्जुन ठाकुर,, उपाध्यक्ष अरुण राम, कृष्ण कुमार सोनी, पवन कुमार सिंह, अजय दास, उपेंद्र कुमार राम, महावीर मिर्धा, शिव कुमार राम, तुलसी वर्मा, अरविंद कुमार केके बर्मा पासवान, चंदन शर्मा, जयचंद पटेल, बिक्रम पासवान, बबलू पासवान चंदन राय, महामंत्री थिंपू पासवान, विशाल कुमार, मनोहर कुमार राम, अविनाश कुमार, विक्रांत कुमार राम, प्रेमचंद पासवान, बब्लू पासवान, दिलीप कुमार सिंह, निखिल कुमार, बिरु वर्मा, सोनू सिंह, पिंटू कुमार पासवान, नेहाल कुमार, सौरभ कुमार, शौताफ ठाकूर, सागर कुमार, गौतम पासवान, मंटू राय, गुड्डू पासवान, सनी पासवान, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, सह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार पासवान, पवन कुमार सिंह, पूजा प्रभारी मुन्ना पासवान, महिला समूह मीना देवी, वीणा अग्रवाल (पार्षद), मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, बिना देवी, रत्ना देवी, सदस्य सूरज राम, रुपेश, राहुल, बाणसागर राम सुमित सिंह, अमन राज, किशोर, राय कुमार, बिट्टू, अंशु, संगम, पिंटू, सुमित, सागर, अमित, आतिश, रौनक, राजा, चंदन, सनी उपस्थित थे।

### दुमका में पेट्रोल छिड़क कर नाबालिग छात्रा को जिंदा जलाने का मामला

# पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के दुमका में पेट्रोल छिड़क कर नाबालिग छात्रा अंकिता को जिंदा जलाने के मामले में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया है। इसके बाद इस चर्चित पेट्रोल कांड की त्वरित सुनवाई की उम्मीद जतायी जा रही है। संताल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने बताया कि पूरे साक्ष्य के साथ दोनों अभियुक्तों शाहरुख हुसैन और नईम उर्फ छोटू के विरुद्ध चार्जशीट दायर की गयी है। 100 से अधिक पेज के इस चार्जशीट के साथ 25 गवाहों की सूची भी सौंपी गयी है। इसमें मृतका के परिवार के सदस्यों के अलावा दो दोस्तों को भी गवाह बनाया गया है। कांड के अनुसंधान में यह पता चला कि शाहरूख और नईम उर्फ छोटू ने एक साथ पेट्रोल खरीदा था और दोनों ने ष्डयंत्र कर इस घटना को अंजाम दिया। गुनगुन पेट्रोल पंप के मालिक और कर्मी भी इस केस के गवाह बनाये गये हैं। डीआइजी ने बताया कि नईम उर्फ छोटू काफी शातिर है और उसका पूर्व में भी कई लड़कियों के साथ संबंध रहा है। वह पूर्व में जेल भी जा चुका है।

इस हत्याकांड की मॉनिटरिंग खुद डीआइजी कर रहे हैं। पत्रकारों के साथ बातचीत में डीआइजी ने कहा कि इस कांड के त्वरित उद्भेदन में एसआइटी ने काफी बेहतर काम किया, जिससे मात्र 10 दिनों के अंदर चार्जशीट किया जा सका। उन्होंने बताया कि इस मामले में शीघ्र सुनवाई का आग्रह कोर्ट से किया गया है। इस मामले के दोनों आरोपी शाहरुख और नईम उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

### आदिवासी किशोरी हत्याकांड

### हटाये गये विवि ओपी प्रभारी

दुमका। 2 सितंबर को विवि ओपी थाना क्षेत्र के श्रीअमड़ा में पेड़ से लटके मिले आदिवासी किशोरी के शव के मामले में जांच में लापरवाही बरतना थाना प्रभारी सुजीत उरांव को महंगा पड़ा। एसपी ने उन्हें पद से हटाते हुए हंसडीहा थाना भेज दिया है। वहीं हंसडीहा थाना के प्रभारी रह चुके और वर्तमान में जरमुंडी में तैनात आकृष्ट अमन को ओपी का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। शनिवार को अमन ने योगदान करने के साथ केस को हाथ में लिया। दरअसल ओपी थाना की पुलिस ने 2 सितंबर को किशोरी का पेड़ से लटका हुआ शव बरामद किया था। शव बरामद होने के बाद आरोपित राजमिस्त्री अरमान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उन्होंने हत्या और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया।

# सड़कों की मरम्मत के लिए 6.55 करोड़ रुपये आवंटित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने विवेकाधीन कोटे से 6.55 करोड़ रुपये की राशि पथ प्रमंडलों को आवंटित की है। पथों के रख-रखाव एवं अन्य छोटी मरम्मत को ध्यान में रखते हुए यह राशि इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए दी गयी है। पथ विभाग ने सभी मुख्य अभियंता रोड, सभी अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया है कि इस राशि का उपयोग आवश्यक कार्य के लिए किया जाये। सड़कों को दुरूस्त करके इसकी रिपोर्ट भी विभाग ने मांगी है।

इतनी राशि दी गयी, लाख में

रांची-35, हजारीबाग-30, धनबाद-30, दुमका-30, देवघर-35, जमशेदपुर-30, सरायकेला-खरसावां-30, चाईबासा-30, डाल्टेनगंज-30, लोहरदगा-30,खूंटी-25, गिरिडीह-20, कोडरमा-25, गोड्डा-25, लातेहार-25, गढ़वा-25, गुमला-25, बोकारो-25, मनोहरपुर-25, सिमडेगा-20, चतरा-20, साहेबगंज-20, पाकुड़-30, रामगढ़-20, जामताड़ा-20, रांची ग्रामीण-20 लाख रुपये।

**नाम परिवर्तन**

शपथ पत्र संख्या 6055 दिनांक 10.09.2022 के अनुसार मैं, संजय कुमार चौबे, पिता- श्री वृजमोहन चौबे, निवास-ग्राम+पो.- हासनदाग, थाना- मेराल, जिला- गढ़वा, झारखंड शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं निवास- ग्राम+पो. हासनदाग, थाना- मेराल, जिला- गढ़वा का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम बाबा दुर्गेश चौबे है।
3. यह कि मेरा पुत्र नवमी कक्षा में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला में पढ़ाई कर रहा है।
4. यह कि अब मेरे पुत्र का रजिस्ट्रेशन कराना है और मैं चाहता हूं कि मेरे पुत्र का नाम बाबा दुर्गेश चौबे के स्थान पर केवल दुर्गेश चौबे हो जाये।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के नाम बाबा दुर्गेश चौबे के स्थान पर दुर्गेश चौबे करवाने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

## ग्रामसभा कर ग्रामीणों को दी गयी सड़क निर्माण की जानकारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत जिले में बनने वाले सड़क निर्माण कार्य की जानकारी संबंधित गांव के ग्रामीणों को देने के उद्देश्य से शनिवार को जिला मुख्यालय के समीप बगडू और बिरहू गांव में ग्रामसभा का आयोजन किया किया। दोनों गांव में आयोजित ग्रामसभा में सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहित होने वाले बगडू, सोसोटोली, बेलवादाग, एरेंडा, बिरहू और जमुआदाग गांव के ग्रामीणों को उनके गांवों के किस प्लॉट से कितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी, इसकी पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान बगडू में आयोजित ग्रामसभा में तिरला पंचायत के मुखिया फागु मुंडा, पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप, अंचल, भू अर्जन सहित अन्य संबंधित विभाग के कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### शशि रंजन ने निर्माणाधीन शहरी जलापूर्ति योजना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का किया निरीक्षण

# काम में तेजी लायें, दिसंबर तक कार्य को पूरा करें:डीसी

**खूंटी शहरी निवासियों को निःशुल्क मिलेगा जल कनेक्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत अंतर्गत निमार्णाधीन शहरी जलापूर्ति योजना एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का डीसी शशि रंजन ने शनिवार को निरीक्षण किया। सर्वप्रथम डीसी ने खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण करते डीसी साथ में संबंधित अधिकारी।

संबंधित एजेंसी को कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने और कार्य को दिसंबर महीने तक समाप्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यरत संवेदक, परामर्शी समूह जुडको की टीम एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत खूंटी भी शामिल थे। इस दौरान डीसी ने संवेदक को अक्टूबर 2022 के अंत तक जोन -1 एवं जोन -3 के क्षेत्र में शुद्ध जल उपलब्ध करवाने का भी निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि खूंटी शहरी निवासियों को जल कनेक्शन एवं वाटर मीटर निःशुल्क उपलब्ध कराए जायेंगे। बाद में डीसी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को निर्देश दिया गया कि समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब का 8वां ओपेन फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर मैदान में गणेश स्पोटिंग क्लब की ओर से आयोजित 8वीं ओपेन फूटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में खलारी प्रखंड के उप प्रमुख सुमन देवी और विशिष्ट अतिथि राय पंचायत की मुखिया शीला देवी, बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह आदि मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। वहीं, उद्घाटन मैच सागर इंटरप्राईजेज बनाम गंझु ब्रदर्स उरैज के बीच खेला गया, जिसमें सागर इंटर प्राइजेज चार गोल से विजय रहा। मैन ऑफ द मैच राहुल खोया को मिला। जबकि दूसरी मैच झारखंड पब्लिक स्कूल बनाम एसएस ब्रदर्स लबका पतरातू के बीच खेला गया, जिसमे पतरातू की टीम भी चार गोल से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच सावन कुमार को दिया गया। तीसरा मैच सागर इंटर प्राइजेज बनाम एसएस ब्रदर्स लबगा पतरातू के बीच खेला गया, जिसमें पतरातू के टीम ने पेनालटी सूट आउट मे 4-3 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं, उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है। गणेश स्पोटिंग क्लब की ओर से समय-समय पर इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। वक्ताओं ने कहा कि गणेश स्पोटिंग क्लब के प्रयास से ही वर्तमान में कोयलांचल क्षेत्र के कई एथलेटिक्स खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर कोयलांचल सहित झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बिजय उर्फ बैलुन पाहन, सचिव गणेश महतो, संरक्षक दीपक महतो, शंकर महतो, तारकेश्वर महतो, रामकुमार भुइयां, पारस महतो, ललेश्वर महतो, अभिषेक चौहान आदि मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर खलारी की समस्याओं से कराया अवगत

**मंत्री ने संबंधित विभागों एवं सीसीएल प्रबंधन को पत्र जारी कर जल्द समाधान कराने का दिया आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची में शनिवार को आयोजित स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जयंती समारोह में झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने अनिल कुमार पासवान के नेतृत्व में स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे लोग राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और खलारी प्रखंड की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों एवं सीसीएल कामगारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने और



पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपते झामुमो कार्यकर्ता।

खलारी सीमेंट फैक्ट्री के समीप खलारी तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित कराने का आग्रह शामिल था।

वहीं अनिल कुमार पासवान की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर को समस्याओं के समाधान कराने संबंधित दो ज्ञापन भी सौंपा गया। इस पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए इन समस्याओं पर संबंधित विभागों एवं सीसीएल प्रबंधन को पत्र जारी कर जल्द समाधान कराने का आदेश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान, राजेश प्रसाद, राजकुमार भोगता, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, सुभाष प्रजापति, कलीम रिजवी, शिवलाल महतो, रुपेश महतो, अनिल कुमार, शेखर महतो आदि शामिल थे।

## अध्यक्ष के लिए मोहनलाल और सचिव के लिए एस हलधर ने किया नामांकन

**कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिकारियों में उत्साह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयला क्षेत्र में काम करने वाले सीसीएल अधिकारियों का एकमात्र संगठन कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन का चुनाव करीब 12 वर्षों के बाद होने जा रहा है। चुनाव को लेकर पिपरवार क्षेत्र में सरगर्मी काफी तेज हो गई है। कई प्रत्याशियों के मैदान में उतरने की संभावना है। शनिवार को पिपरवार क्षेत्र से दो अधिकारियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जानकारी के अनुसार कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन



अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करते मोहनलाल सिंह।

पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए मोहनलाल सिंह और सचिव पद के लिए शुभोजित हलदर ने नामांकन किया है। दोनों प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराने के साथ ही चुनाव प्रचार शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 23 सितंबर को एसोसिएशन का चुनाव होना है। सीसीएल मुख्यालय से लेकर सभई क्षेत्रों में एसोसिएशन का चुनाव कराया जाएगा, जिसको लेकर अधिकारियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## चहल्लुम मेला 15 अक्टूबर को

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा न्यू बस्ती भूतनगर में चहल्लूम मेला के आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इमामुदीन अंसारी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 15 अक्टूबर को चहलुम मेला लगाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि इस मेला में रांची, लोहरदगा, लातेहार और चतरा जिलों से लगभग 40 टीमें भाग लेंगीं। बैठक में इस्माईल अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, मुखिया शांति देवी, सुनील सिंह, सोनू पाण्डेय, फिरोज अंसारी, राजेश उरांव, मुस्लिम अंसारी, असदुल्ला अंसारी, रियाज अंसारी, अफजल अंसारी, नयुम अंसारी, सलीम अंसारी, हुसैन अंसारी, सोनू ठाकुर, शिवा तुरी, तबारक अंसारी आदि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में धरना को सफल बनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक नवाडीह में हुई, जिसकी अध्यक्षता शिवनारायण लोहरा ने की। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से 14 सितंबर को जीएम ऑफिस डकरा के समक्ष आहूत एक दिवसीय धरना को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापितों की समस्या के प्रति उदासीन है यही कारण है कि प्रबंधन के प्रति रैयत विस्थापितों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है। रैयत विस्थापितों की समस्या को लेकर 14 सितंबर



को डकरा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आहूत धरना में मोर्चा के सदस्य एवं रैयत विस्थापित भारी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान बैठक में नरेश यादव, रामधारी, मिथुन गंझू, विनोद मुंडा, बिरजू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, गणेश मुंडा, अजय कुमार गंझू, रोशन कुमार, भरत महतो, जोगेंद्र महतो, रॉकी पाहन, बिनोद भुइयां, प्रकाश यादव, उमाशंकर साहू, रामेश्वर प्रसाद, शिवनंदन यादव, राधेश्याम प्रसाद, रवि गंझू, पवन कुमार साहू, अनिल कुमार गुप्ता, बासुदेव ठाकुर, कलिंदर ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार पीट ऑफिस में इनमोसा ने पूर्व माइनिंग सरदार को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार पीट ऑफि स मे इनमोसा पिपरवार कमेटी की ओर से शोकसभा आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व माईनिंग सरदार सह पिपरवार महाविद्यालय कारो के संरक्षक लालदेव महतो के निधन पर दुख प्रकट किया गया। साथ ही उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. लालदेव महतो एक कुशल कामगार के अलावे बेहतर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप से जाने जाते थे। उनके कार्यों को समाज के लोग कभी भी भुला नहीं सकते। इस मौके पर सेफ्टी आफिसर एसके सिंह, शिफ्ट इंचार्ज आरपी सिहं, माइंस इंचार्ज सुनील यादव, झारखंड आन्दोलनकारी जेपी महाराज, एसडी राम, इकबाल हुसैन, अनिल कुंवर, सत्रुधन विश्वकर्मा, दिलीप गोस्वामी, रजि अहमद, रुपलाल महतो, जोधन प्रसाद, अनिल सिन्हा, राम विजय, दीपक उरांव, सुरेश कुमार, मोहम्मद मुस्ताक, सुरेश कुमार, बिगु भुईयां, रामप्रवेश चौहान, बलेश्वर यादव, मनोज सिंह, धनंजय मुंडा आदि मौजूद थे।

## दुष्कर्म का आरोप लगाकर फेरीवालों को पेड़ से बांध कर पिटाई करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू इलाके के गुंपडू गांव में छह अज्ञात अपराधियों द्वारा फेरी लगाकर सामान बेचने वाले दो व्यक्तियों को पेड़ से बांधकर पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमलावर दोनों पर दुष्कर्मी होने का आरोप लगा रहे थे। मारपीट के बाद अपराधी दोनों को कथित रूप से जंगल की ओर मारने की बात कहकर ले जाने लगे। इसी बीच, एक युवक मौका पाकर भाग निकला और स्वजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापामारी कर दूसरे युवक को बरामद किया। पीड़ित मो गुलजार और मो आसिफ मेरठ के निवासी हैं। घटना गुरुवार देर शाम बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दोनों छह-सात साल से खूंटी में किराए के मकान में रहकर फेरी (कंबल और कपड़ा बेचने) का काम करते हैं। गुरुवार को भी दोनों बाइक पर गुपुंडू की ओर निकले थे। गुंपडू के आगे स्थित मोड़ पर छह युवक दो बाइक से पहुंचे और दोनों को रोककर मारपीट करने लगे।

मारपीट के दौरान सभी दोनों पर



दुष्कर्मी होने का आरोप लगा रहे थे। इसके बाद दोनों को जंगल की ओर मारने की बात कहकर ले जाने लगे। पहले मो गुलजार को पेड़ में बांध मो आसिफ को ले जाने लगे तभी गुलजार वहां से भाग निकला। खूंटी आकर उसने स्वजनों को घटना की जानकारी दी। साथ ही पुलिस को भी खबर दी गई। इसके बाद पुलिस युवक की तलाश में जुट गई। 24 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद मो आसिफ को पुलिस ने सकुशल बरामद किया।

### गुलजार की समझदारी से बची आसिफ की जान

जानकारी के अनुसार मेरठ निवासी गुलजार और आसिफ बाइक और स्कूटी से गुंपडू गांव में समान बेचने जा रहे थे। तभी अपराधियों ने दोनों को पकड़ लिया। उन पर दुष्कर्मी होने का आरोप लगा पेड़ से बांधकर मारपीट करने लगे। इसके बाद पहले मो गुलजार को पेड़ में बांधकर मो आसिफ को ले जाने लगे तभी मौका देख गुलजार वहां से भाग निकला और खूंटी आकर उसने स्वजनों को घटना की पूरी जानकारी दी। उधर, सूचना पाकर मुरहू पुलिस पूरी रात युवक की तलाश में जुटी रही। हालांकि रात भर उसका पता नहीं चल पाया। 24 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद दूसरे युवक मो आसिफ को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने स्कूटी और दो बाइक जब्त किया है।

## 20 सितंबर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर तैयारी शुरू



**डकरा (आजाद सिपाही)।** डकरा सेंट्रल स्कूल के ग्राउंड में बंधन गंझू उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर फुटबॉल खिलाड़ियों की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दिलीप तुरी एवं संचालन विजय गंझू ने किया। इस बैठक में 20 सितंबर से आयोजित बंधन गंझू उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन की तैयारी की समीक्षा की गई। इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। टूर्नामेंट को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस बैठक में नंदकिशोर भोगता, मनोज गंझू, गोपाल गंझू, कुंदन गंझू, अमित तुरी, विश्वामित्र कुमार, राजेश गंझू, प्रकाश गंझू, राजेश तुरी, बबलू गरेड़ी, बिनोद गिरी आदि थे।

### आज प्रबंधन और ग्रामीणों की बैठक में निकाला जायेगा बीच का रास्ता

# जी-टाइप के समीप ग्रामीणों ने रोका पतरातू-मैक्लुस्कीगंज सड़क का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड (साज) की ओर से निमार्णाधीन पतरातू-मैक्लुस्कीगंज सड़क निर्माण कार्य को खलारी पंचायत के जी-टाईप के समीप रहने वाले ग्रामीणों ने शनिवार को बंद करा दिया। इस सड़क का निर्माण कार्य आरकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी नामक की ओर से कराया जा रहा है। जी टाइप के निकट रोड क्रोसिंग को लेकर ग्रामीण अपना विरोध जता रहे हैं। उक्त सड़क को एक पुलिया के बाद सीधे खलारी-बिजुपाड़ा सड़क से मिलाया जा रहा है। इसी जगह से जीटाइप कॉलोनी सहित अन्य बस्तियों तक जाने वाली मुख्य सड़क आकर खलारी-



सड़क निर्माण कार्य को बंद कराकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

बिजुपाड़ा सड़क से मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि पतरातू-मैकलुस्कीगंज सड़क जो कि पुलिया के बाद करीब 20 मीटर तीखी खड़ी ढ़लान के साथ जी-टाइप आने जाने वाली मुख्य सड़क से मिल रही है वह लोगों के लिए काफी जोखिम भरा साबित होगा। ग्रामीणों को अंदेशा है कि पतरातू की ओर से काफी तेज गति से गाड़ियां आएंगी और जीटाइप सहित अन्य बस्तियों के ग्रामीण, स्कूली बच्चे कभी भी तेज वाहनों के चपेट में आ जाएंगे। इससे पहले भी ग्रामीणों ने विरोध करते हुए खलारी अंचल, बीडीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखि आवेदन दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि उनके लिए जंक्शन से हटकर एक अलग अप्रोच सड़क बना दिया जाय। दूसरी ओर, ग्रामीणों के विरोध के कारण काफी दिनों से काम बंद था। पर ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना सड़क निर्माण एजेंसी की ओर से शनिवार अपराह्न से अचानक मशीन लाकर काम दोबारा शुरू करा दिया गया। इससे ग्रामीण उग्र हो गए और महिलाओं, बच्चों संग सड़क पर बैठ गए। इसकी सूचना पाकर खलारी पुलिस भी वहां पहुंची, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वहीं बाद में तय हुआ कि रविवार को ग्रामीणों के साथ एजेंसी की वार्ता होगी। वार्ता में ग्रामीण संतुष्ट हुए तो काम शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण कार्य को बंद कराने में काफी संख्या में महिला, पुरुष व बुर्जुग शामिल थे।

## दुर्गा सोरेन जयंती और परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद जयंती समारोह में शामिल हुए झामुमो कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झामुमो खलारी के वरिष्ठ नेता और रांची के पूर्व जिला सह सचिव सह झकोमयू के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य रंथू उरांव अपने समर्थकों के साथ रांची के लोवाडीह में आयोजित स्व दुर्गा सोरेन की 54वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। रंथू उरांव व उनके समर्थकों ने स्व दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद रंथू उरांव अपने समर्थकों के साथ लालपुर



चौक में परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की 57वीं जयंती समारोह में भी शामिल हुए। जहां अब्दुल हमीद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांलि दी। इस मौके पर झामुमो रांची जिला सगंठन सचिव प्रदीप भोगता, इस्लाम अंसारी, राजेश गोप, सुनील यादव, छोटु राम, बिट्टू कुमार, कुंदन गंझू आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

## रांची मंडल रेल प्रबंधक ने मुरी स्टेशन का किया निरीक्षण



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रांची मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता अपने विशेष सैलून से करीब 10:30 बजे की मुरी स्टेशन पहुंचे। तत्पश्चात अपने अधिकारियों की टीम के साथ मुख्य मंडल परिचालन निरीक्षक के कार्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने कार्यालय के छत को क्षतिग्रस्त पाया उन्होंने तुरंत कार्य अभियंता से कहा कि जल्द से जल्द इसे मरम्मत किया जाए। उसके बाद वहां से वह चालक नियंत्रण कार्यालय लोको का निरीक्षण किया। इसके बाद वे प्लेटफार्म नंबर 2 पर सामिष और निरामिष भोजनालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजनालय के कर्मचारी श्यामलाल को बिल निकाल कर देने को कहा परंतु कर्मचारी बिल निकाल कर नहीं दे पाया। जिससे स्थानीय अधिकारियों को इस पर जांच कर पहल करने का आदेश दिया। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारी विश्राम गृह तथा स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगे बगीचे का भी निरीक्षण किया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक एमएस खान, मंडल चिकित्सा पदाधिकारी जे कच्छप, डीटीआई आर के सोरेन, आईओ डब्ल्यू सुबोध पासवान, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता एके सिंह, टीआरडी के अभियंता प्रभाकर रावत, आरपीएफ के एसआई पवन कुमार सहित दर्जनों रेल कर्मी मौजूद थे।

## विधायक मद से पांच गांव में दिया ट्रांसफार्मर

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के पांच गांवों में पिछले कई दिनों से विभाग के उदासीनता के कारण ग्रामीण अंधकार में जीने को विवश थे। ग्रामीणों की मांग पर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपने मद से नौ लाख रुपया खर्च कर धातकीडीह, रायकोचा, श्यामनगर, बरेडीह समेत पांच गांव में ग्रामीणों के लिए ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। इनके अलावा पांच और गांव के ट्रांसफॉर्मर शीघ्र मंगाया जाएगा। बताया गया कि बंता में भी पिछले कई दिनों से खराब पड़े एक सौ केवी के ट्रांसफार्मर भी ग्रामीणों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 17 और गांव के ग्रामीणों के आवेदन ट्रांसफार्मर के लिए मिले हैं वहां भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जा रही है।

## बुंडू डीएसपी ने की अपराध संगोष्ठी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू डीएसपी अजय कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध संगोष्ठी की। बैठक में सभी थाना प्रभारियों के संग थाना में दर्ज केस डायरी की समीक्षा की गई डीएसपी ने क्षेत्र में वारंट की स्थिति की जानकारी ली अपराध रोकने को लेकर पुलिस सभी सामाजिक मुद्दों जमीन विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई इसके साथ ही आगामी दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा समितियों की थाना प्रभारियों के संग बैठक कर पूजा को लेकर दिशा निर्देश दिए जाने की बात कही है साथ ही अनुमंडल क्षेत्र में डायन बिसाही के नाम पर हत्याओं को लेकर तमाड़ बुंडू सोनाहातु राहे दशम फॉल थाना क्षेत्र के ओझा एवं तांत्रिकों की सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों के साथ डायन बिसाही के विरोध में प्रचार प्रसार करने की बात कही इस मौके पर बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह अंचल निरीक्षक विमल सिंन्हा अंचल निरीक्षक सोनाहातु रमेश कुमार सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेंब्रम दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णु कांत राहे थाना प्रभारी सूर्यकांत मौजूद थे

## मृतक के परिजनों से मिले आजसू नेता

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के हुमटा पंचायत स्थित बारुहातु गांव में विगत 8 सितंबर को तमाड़ के रायडीह मोड में सड़क दुर्घटना में वासुदेव महतो एवं गणेश महतो का आकस्मिक निधन हो गया था। पीड़ित परिवार से आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा मिलने पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बुंडू प्रमुख राजकुमार बिझिंया, श्याम महतो, दिलीप साहू, रविंद्र साहू, सुदेश कुमार महतो, कृष्णा महतो, रमेश प्रमाणिक, भागीरथ महतो, नंद किशोर महतो भी पहुंचे। इधर ऐपवा नेत्री लखीमनी देवी भी पीड़ित परिवार से मिलीं। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्ष पूर्व बासुदेव महतो के बड़े भाई की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी किंतु सरकार की ओर से किसी प्रकार की सहायता राशि अभी तक नहीं मिली है और अभी वासुदेव महतो की मृत्यु होने पर प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की सहायता राशि नहीं मिली है। इस मौके पर भीष्म देव महतो भी उपस्थित थे।

## विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेरेंगहातू गांव में शनिवार को विधायक निधि से 500 फिट पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किया। आयोजित शिलान्यास समारोह में विधायक ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जायेगा। हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। खेत में सिंचाई की पानी की व्यवस्था होगी। चिकित्सा ओर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा। साथ ही गांव में बिजली की व्यवस्था में सुधार होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुकरा मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, तारणी सिंह मुंडा, संजय महतो, श्याम महतो, भरत महतो, मुकेश महतो, अभिराम महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सोनाहातू में करम अखाड़ा का आयोजन



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। झारखंड कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति के तत्वावधान में सोनाहातू भकुआडीह मोड़ शहीद बुली महतो चौक पर करम अखाड़ा आयोजन किया गया। समिति के झारखंड प्रदेश संयोजक लालचन महतो ने कहा कि कला संस्कृति एवं नेगाचारी को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से इस करम अखाड़ा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पुर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार द्वारा महतो, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, खतियानी पार्टी अध्यक्ष अमित कुमार महतो, डॉ अमर कुमार चौधरी, रामेश्वर महतो, कमल महतो, चितरंजन महतो, धनेश्वर महतो, करम सिंह महतो, विदेशी महतो, अजगुत महतो, संजय महतो, जगदीश कुमार महतो सहित सिल्ली, बुंडू, तमाड़ के लोग उपस्थित थे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

## ग्रामीण को टांगी से मार कर किया घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह पोड़का गांव के भरत पुरान को कल रात लगभग नौ बजे टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधी झाड़ी में छिपे थे और जान मारने की नियत से सिर पर हमला कर दिया। किसी तरह वह भागकर वह घर गये। आज तमाड़ अस्पताल में इलाज के बाद डाक्टर ने रिम्स भेज दिया है। तमाड़ थाने में लिखित शिकायत की गयी है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़-खूंटी रोड पर तमाड़ स्टैण्ड के पास शनिवार को रात आठ बजे एक मोटरसाइकिल और साईकिल में भिड़ंत हो गयी, जिसमें साईकल सवार जगरनाथ मुंडा बुरी तरह घायल हो गया। माझीडीह में उसका ससुराल है। वह ससुराल आया हुआ है। वह गाडूरपीढ़ी नामकुम थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तमाड़ के पूर्व उपमुखिया हीरा मुंडा सूचना मिलते ही हॉस्पिटल पहुंचे और इलाज करवाया।

**जांच : राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम ने कैंब्रियन स्कूल का किया दौरा**

# फीस नहीं देने पर बच्ची को धूप में खड़ा करने के मामले में की पूछताछ

- विद्यालय के कर्मियों ने नहीं दी सही जानकारी, प्रिंसिपल भी स्कूल में नहीं मिलीं
- विद्यालय प्रबंधन की ओर से अखबार में छपी खबर को गलत बतलाया गया





आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल बिजुपाड़ा में शनिवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम ने दौरा किया और फीस बकाया होने के कारण बच्चियों को क्लास से बाहर करने के मामले में जानकारी लेनी चाही। जब टीम ने स्कूल पहुंचकर मामले की तह तक जानना चाहा तो विद्यालय प्रबंधन की ओर से अखबार में छपी न्यूज को गलत बतलाया गया। लेकिन टीम के द्वारा मीडिया को जानकारी दी गई कि विद्यालय के कर्मियों द्वारा सही जानकारी नहीं दी गई। प्रिंसिपल भी स्कूल में नहीं मिलीं। टीम ने पुलिस प्रशासन से मामले को जांच की मांग की गई। टीम की तरफ से कहा गया कि यह पूरा मामला सीडब्लूओ के संज्ञान में जाएगा, जिसके तहत स्कूल पर कार्रवाई की जायेगी।

अभिभावकों का भी कहना है कि विद्यालय की तरफ से अभिभावकों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता है। उनका रवैया भी ठीक नहीं था। वहीं बहुत सारे अभिभावकों ने कहा कि पैसा के लिए जबरदस्ती दबाव बनाया जाता है। कड़ी धूप में बच्चों को साइकिल रखनी पड़ती है। जो अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल लेने और छोड़ने जाते हैं छुट्टी के पहले काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। उनके लिए शेड भी नहीं है। फीस भी वर्तमान महीने की 20 तारीख तक नहीं देने से 50 रुपया फाइन लिया जाता है। टीम में संस्था के राज्य सचिव रमीज राजा, संयुक्त सचिव एनके यादव समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

ज्ञात हो कि एक दिन पहले प्रखंड स्थित कैंब्रियन विद्यालय में फीस बकाया होने के कारण एक पांच वर्ष की बच्ची को क्लास से बाहर धूप में खड़ा कर दिया गया था। बच्ची के पिता जब फीस जमा करने के लिए स्कूल में पहुंचे तो देखा कि उनकी बच्ची कुछ अन्य बच्चियों के साथ धूप में खड़ी है। पिता को देखकर बच्ची रोने लगी। पूछने पर बताया कि फीस नहीं देने के कारण उसे क्लास से बाहर कर दिया गया है। पिता ने जब प्रिंसिपल से पूछा तो प्रिंसिपल उसे डांटने लगीं और गार्ड को बुलाकर कहा कि किसने अंदर घुसने दिया। इसे बाहर करो। साथ ही गाली गलौज भी किया।

### प्रिंसिपल ने आरोपों को झूठा बताया

प्रिंसिपल से पूछने पर बताया कि एक पांच साल की बच्ची को फीस नहीं देने के बिना पर कैसे बाहर किया जा सकता है। ये आरोप झूठा है। चूंकि परीक्षा होने वाली थी और परीक्षा के तुरंत बाद सारे बच्चे बस में घर चले जाते हैं। इसलिए शुरू में ही जिन बच्चों ने फीस नहीं दिया था उन्हें कुछ देर के लिए अलग किया गया था और उनसे फीस के बारे में पूछा जा रहा था। तभी बच्ची के पिता स्कूल आकर दुर्व्यवहार करने लगे।

# हिंदू लड़कियों के साथ छेड़छाड़ मामले में सदमा गांव पुलिस छावनी में तब्दील

- ग्रामीणों ने दोषियों को गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की
- लिपिक एवं स्कूल प्रबंधन ने मुस्लिम युवकों के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



ओरमांझी। सदमा गांव शनिवार को पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। मामला मुस्लिम युवकों द्वारा सदमा स्कूल में पढ़ने वाली हिन्दू लड़कियों से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी से जुड़ा हुआ है। मायापुर और बाहर से आए हुए मुस्लिम युवकों के द्वारा सदमा स्कूल में पढ़ रही लड़कियों से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी अक्सर दी जाती थी। फोन नंबर मांगा जाता था। बात इतना पर ही नहीं रुकी, 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर लड़कियों के द्वारा स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। कार्यकम के दौरान फिरदौस अंसारी, सुहैल अंसारी, मुंज्मील अंसारी, जमील अंसारी अचानक स्कूल में आकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने लगते हैं। अपहरण और जान से मारने की धमकी देते हैं।

स्कूल के लिपिक आशीष महतो द्वारा मना करने पर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। लिपिक के द्वारा इस बात की जानकारी स्कूल प्रबंधन को मोबाइल के द्वारा दी गयी। 6 सितम्बर को स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। बैठक में शामिल दोषियों के अभिभावकों ने उचित कार्रवाई करने की बात कही।

स्कूली लड़कियों और लिपिक की जान जाने के खतरे की आशंका को देख ग्रामीणों की एक बैठक बुलाई गई और दोषियों को गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की गई। लिपिक आशीष महतो और स्कूल प्रबंधन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है।

# हेसल गांव में जालसाजी कर गरीब रैयत की खतियानी जमीन बेच दी

आजाद सिपाही संवाददाता

- रैयत काली लोहार ने सीएम सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से लगायी है न्याय की गुहार
- काली लोहार को लगातार मिल रही है धमकियां, जमीन छोड़ो नहीं तो जान गंवाओ

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल मौजा में जमीन दलालों से सांठगांठ कर खाता संख्या 291 प्लॉट संख्या 3102 रकबा 62 डिसमील जमीन को जालसाजी कर नाजायज रुपया कमाने की नियत से अवैध ढंग से बिक्री कर दिये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। उक्त जमीन काली लोहार, पिता नकुल लोहार की पुश्तैनी खतियानी जमीन है, जो काली लोहार को बंटवारा वाद संख्या 82/02 सब जज प्रथम रांची के न्यायलय से हासिल हुआ है। इससे पहले भी काली लोहार को वंशावली से गायब कर इसके हिस्से की जमीन बेच दी गई है। इस संबंध में काली लोहार ने मुख्यमंत्री, अनगड़ा थाना, उपायुक्त, एसएसपी, ग्रामीण एसपी सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर नाजायज ढंग से जमीन बिक्री करने और कराने वाले नामजद लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अंचल पदाधिकारी अनगड़ा को लिखित आवेदन देकर दाखिल-खारिज नहीं करने के लिए आपत्ति दर्ज की गई है। आवेदन की प्रति डीसी रांची, अपर समाहर्ता एवं उपसमाहर्ता रांची को भी दी गई है। जमीन पर जमीन दलालों द्वारा नाजायज तरीके से कब्जा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है। इसको लेकर क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। पुलिस समय रहते इस पर यदि तत्काल कोई कदम नहीं उठाती है तो क्षेत्र में खून-खराबे की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

इधर अज्ञात लोगों द्वारा काली लोहार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं। काली लोहार ने पुलिस से उनके द्वारा दिए गये आवेदन पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है।

**कार्यक्रम : एसएस प्लस टू उवि चिलदाग में पुरस्कार वितरण सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

# शिक्षा सचिव ने उत्कृष्ट शिक्षक एवं विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- विद्यालय में नीति आयोग की ओर से संचालित अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला का किया गया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग में शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव का पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव राजेश कुमार शर्मा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक पुष्पा कुजूर, डीइओ कमला सिंह एवं झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इससे पूर्व विद्यालय पहुंचने पर शिक्षा सचिव का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने दिया। इस अवसर पर शिक्षा सचिव ने विद्यालय में नीति आयोग द्वारा संचालित अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन किया तथा बच्चों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स को बारीकी से देखा और मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कब्बडी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल मंत्रीमंडल, कक्षा नायक, आश्रम नायक, क्वीज प्रतियोगिता, सर्वश्रेष्ठ वर्गकक्ष, 9 एवं 11वीं बोर्ड के टॉपर, उत्कृष्ट शिक्षक एवं पूर्ववर्ती छात्र सम्मानित किए गये। मौके पर शिक्षा सचिव ने बच्चों से भविष्य की योजना के बारे में बात की एवं उन्हें मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्राचार्य अवनिंद्र सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के उतरोतर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग एवं ताइक्वांडो के प्रदर्शन की सराहना की तथा विद्यालय के लिए एक सभागार, पुस्तकालय निर्माण, योग एवं ताइक्वांडों के प्रशिक्षण के लिए सुविधा सहित विद्यालय के मैदान की चारदीवारी निर्माण का आश्वासन दिया। संचालन अवनिंद्र सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विद्यार्थी एवं एसएमसी सदस्य अजय कुमार महतो ने किया। मौके पर नीलकंठ चौधरी, हिमांशु शेखर चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, हरिनंदन चौधरी, मुखिया दुर्गा पाहन, रामाशीष शर्मा, जागो चौधरी, कामेश्वर सिन्हा, अमिता कुमारी, संगीता रवि, विवेक उपाध्याय, कमल किशोर गोंझू आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** निश्चल मेमोरियल उच्च विद्यालय पिठोरिया में शनिवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेन्द्र नाथ पांडेय, साइंस विजन स्कूल के निदेशक आसिम अख्तर, स्कूल के प्राचार्य उमेश केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सुरेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि शिक्षकों का जितना भी सम्मान किया जाय वह कम है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी देश व राज्य के विकास में शिक्षकों का योगदान बहुमूल्य होता है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों व मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगरनाथ मिश्रा, राजेश केशरी, पूनम देवी, निशा कुमारी, सरिता कुमारी, मनीषा कुमारी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### अभाविप ने विवि प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के प्रतिनिधियों के द्वारा रांची विश्वविद्यालय प्रशासन व कॉलेज प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से मांग करने के बाद स्नातकोत्तर पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा का केंद्र एस.एस. मेमोरियल कॉलेज, रांची से बदल कर पुनः गृह केंद्र करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में किया गया। मौके पर एबीवीपी के हर्ष टंडन, सोनम कुमारी, विक्रम सहित के कई सदस्य मौजूद थे।

### चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव मे गत दिनों चोरी का प्रयास करते हुए तीन आरोपितों को ग्रामीणों ने पकड़ा था। आरोपी ऑटो रिक्सा लेकर चोरी करने आए थे पर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गये। बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गये आरोपियों में इम्तियाज अंसारी पिता हकीमुल अंसारी, फिरोज अंसारी पिता एजाज अंसारी, इरबा ओरमांझी एवं समसुल अंसारी पिता स्व. गफुर अंसारी, हरचंदा ओरमांझी शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया।

### हटिया विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**रातू (आजाद सिपाही)।** हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने शनिवार को फुटकलटोली पंचायत के पिर्रा में विधायक कोष से पिर्रा रोड नंबर 2 पीडब्ल्यूडी रोड से साकेतपुरी के घर होते हुए राजकुमार के घर तक 700 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बीच उन्होंने मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को भी जाना और उनकी समस्याओं की हरसंभव निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी महत्वपूर्ण सड़क कच्ची या जर्जर हालत में नहीं रहेगी। नाली, गली, बिजली उनकी प्राथमिकता है। जेम्स बांड खलखो, रूपेश गोप, सुबोध साहू, रामधीर तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बंधु तिर्की ने की सड़क निर्माण की जांच



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के टंगरकेला गांव में बन रहे एनआर इपी 1 के पथ निर्माण विभाग से 1068 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण लगभग 13 लाख की प्राकल्लित राशि से हुआ। उस पीसीसी पथ का ग्रामीणों की शिकायत पर जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने 8 सितंबर को जांच की थी। सड़क निर्माण में अनियमितता की खबर छपने के बाद शनिवार को टंगरकेला में पूर्व विधायक बन्धु तिर्की, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने सड़क की जांच की। कहा पीसीसी सड़क निर्माण में समझौता नहीं होगा। जहां भी सड़क में मामूली त्रुटि है उसमें सुधार करने की बात कही गई। मौके पर एन आरईपी 1 जेई बलि उरांव, संवेदक प्रणव सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, कृष्ण कुमार, जितेंद्र कुमार, सचिन राय, महाबीर साहू के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### गोली लगने से युवक घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उपर कुटे निवासी स्व. मलखान का 25 वर्षीय पुत्र शेख राजू गोली लगने घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात की है। सिकिदिरी पुलिस ने शनिवार को शेख राजू को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात खुदिया निवासी शेख मोहिद उर्फ गइठा के साथ किसी बात को लेकर विवाद में गोली चल गयी। जिससे शेख राजू घायल हो गया। सिकिदिरी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### लापता वृद्ध का शव कुआं से मिला

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र हरातु पंचायत के सहेदा गांव निवासी रामा गंझू पिता स्व. झंजो गंझू उम्र 55 वर्ष का शव शनिवार को कुआं से मिला। वह पिछले चार दिन से लापता था। शव पूरी तरह सड़ चुका था। उनके परिजन ने सिकिदिरी पुलिस को लिखित सूचना देकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार रामा गंझू को करमा पर्व की शाम देखा गया था। उनके परिजन अपने स्तर खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार की सुबह कुआं से गंध आने पर ग्रामीणों ने देखा तो शव पानी में तैर रहा था। आशंका जतायी जा रही है कि वह नशे में होगा और रात में रास्ता भटककर कुआं की ओर चला गया होगा।

### ओरमांझी में युवक का शव मिला

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मसमानो मुड़मा, माण्डर निवासी आलम अंसारी का शव ओरमांझी के जिनगा तुंगरी से बरामद किया गयां। शव को देखने से प्रतीत होता है कि दो-तीन दिन पहले ही युवक की हत्या कर गले में गम्छा बांधकर पेड़ से लटकाया गया होगा। दो दिन पहले ही ओरमांझी पुलिस के द्वारा शव से करीब 200 मीटर दूर मोटरसाइकिल बरामद की गई थीं। परिजनों का कहना है कि आलम अंसारी पेशे से कार मिस्त्री था। मृतक से संबंधित एक पोस्ट व्हाटस ऐप्प पर भी देखने को मिल रहा है जिसमें युवक के बारे 7 सितम्बर को गुस्सा कर घर से निकल जाने की सूचना देखी जा सकती है। ओरमांझी पुलिस ने बताया कि हत्या के कारण का पता लगाने के साथ ही हत्यारों को जल्द ही पुलिस गिरफ़्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करेगीं। शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया ।समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



बोकारो (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश एमआर शाह और झारखंड उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायधीश डॉ रवि रंजन यात्रा के दौरान कुछ समय के लिए शनिवार को पेटरवार स्थित फारेस्ट गेस्ट हाउस में ठहरे थे। जहां प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश कुमारी रंजना अस्थाना, डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन झा समेत अन्य वरीय न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस के जवानों ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश एमआर साह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पूर्व सभी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उनकी पत्नी भी उपस्थित थी। दोनों ने फॉरेस्ट गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण भी किया गया। न्यायाधीश अपने देवघर यात्रा के दौरान यहां कुछ समय के लिए रूके थे। इस मौके पर जिला व अनुमंडल स्तर के कई न्यायिक व प्रशासनिक पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## धनबाद सांसद प्रतिनिधिमंडल ने जनहित मुद्दों को लेकर सेल के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा



बोकारो (आजाद सिपाही)। धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह के निर्देश पर बोकारो आए सेल की अध्यक्षा सोमा मंडल से एक प्रतिनिधिमंडल मिला और जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश भी उपस्थित थे। ज्ञापन में बोकारो इस्पात संयंत्र में बेकार पड़े भवनों के सदुपयोग और सीएसआर की राशि से कम से कम चार और विद्यालयों के संचालन की मांग की गई। इसके अलावा केंद्र सरकाक द्वारा सभी विभागों द्वारा निकाली गई नई नियुक्तियों में कोरोना काल के आधार पर आयु सीमा में दी गई छूट को आधार बना कर बोकारो के विस्थापितों के लिए भी सेल के भर्तियों में आयु सीमा में छूट देने की मांग की गई है। इस मौके पर अशोक वर्मा, कमलेश राय, विद्यासागर सिंह व अनिल सिंह शामिल थे।

## चिन्मय विद्यालय के 45 मेधावी छात्र सम्मानित



बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय के नवनिर्मित सभागार में बिहार के पटना से आए सीबीएसइ के क्षेत्रीय अधिकारी जगदीश वर्मन, ने चिन्मय विद्यालय के एआईएसएससीई एवं एआईएसएसई 2021-22 के 45 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों से कहा कि यह सफलता आपकी पहली सिढ़ी है। इसे लगातार बनाए रखना आपकी महत्वपूर्ण चुनौती है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगदीश वर्मन, विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक एवम प्राचार्य सूरज शर्मा ने मत्रोंच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलीत कर किया। इसके बाद प्राचार्य सुरज शर्मा ने जगदीश वर्मन को पूष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि चिन्मय विद्यालय लगातार बच्चों में शिक्षा के साथ ही बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी बच्चों मे साफ दिखाई देता है। वहीं, क्षेत्रीय पदाधिकारी जगदीश वर्मन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगे आने वाली परिक्षाएं चुनौतियां और अवसरों से भरा हुआ है। लेकिन ये केवल उन्हीं छात्रों के लिए है जो वास्तव में चुनौतियो का सामना करने के लिए संघर्ष करते है। ज्ञान कहीं भी, कभी भी और किसी से भी प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सुनिल ने किया।

## दुर्गा सोरेन युवाओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे

बोकारो (आजाद सिपाही)। झामुमो बोकारो जिला समिति की ओर से पार्टी के पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड आंदोलन में सशक्त भूमिका निभाने के लिए वे हमेशा याद किये जायेंगे। वहीं, जिलाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा सोरेन ने झारखंड आंदोलन में अहम और सशक्त भूमिका निभाई थी। पूरे राज्य में उनकी पहचान एक सर्वमान्य नेता के रूप में थी। गरीबों, जरूरतमंदों और समाज के सभी वर्ग के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए वे सदैव उनके साथ खड़ा रहते थे। वे युवाओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत थे। उनके असामयिक निधन से झारखंड में जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती है। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य बीके चौधरी, जिला सचिव जय नारायण महतो, जिला उपाध्यक्ष मोहन मुर्मू, हसन इमाम अंसारी, मंटू यादव, कलाम अंसारी, मदन महतो, डॉ वीके सिंह आदि थे।

### गैलन से पानी पहुंचने पर बच्चों के लिए बन सका मध्याह्न भोजन

# ठेकेदार व ठेका मजदूरों के बीच विवाद, 36 घंटे से जलापूर्ति ठप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मैथन।** डीवीसी मैथन के जलापूर्ति केंद्र में ठेका मजदूर और ठेकेदार के बीच आपसी खींचतान के कारण मैथन आवासीय कॉलोनी के लोग परेशान हैं। शुक्रवार से जारी गतिरोध दूसरे दिन शनिवार को भई जारी रहा। मैथन के कुछ एरिया को छोड़ कॉलोनी के अन्य हिस्सों में करीब 36 घंटे बाद भी जलापूर्ति नहीं हो सकी। मैथन एरिया चार, रांची कॉलोनी सहित की आवासीय कॉलोनी में जलापूर्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वहीं, डीवीसी प्रबंधन मैथन एरिया चार, रांची कॉलोनी, मैथन आजाद नगर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। बतातें चलें कि डीवीसी के जलापूर्ति केंद्र में नए ठेकेदार के आने के बाद 19 ठेका कर्मी अपनी नियोजन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ठेकेदार का कहना है कि वह अपने मजदूर के साथ काम करेगा। इसी गतिरोध के कारण मैथन के आम लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। प्रधानाचार्य के अनुरोध पर मुखिया बबलू चौधरी ने गैलन से विद्यालय में पानी पहुंचाया। इसके बाद मध्याह्न भोजन बन सका और बच्चों को पानी मिला।



अन्य क्षेत्र के लोग गुस्से में डीवीसी के जलापूर्ति केंद्र पहुंचकर विरोध भी जताया। पदाधिकारी डीवीसी

## गोमिया विधायक के बेटे शशि शेखर ने फतह किया माउंट मणिरंग का सम्मिट कैंप



बेरमो (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के बड़े बेटे शशि शेखर ने माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप पर तिरंगा फहराया है जो कि लगभग 19 हजार फीट पर स्थित है। माउंट मणिरंग हिमाचल प्रदेश में स्थित भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। जिसकी कुल ऊंचाई 21,631 फीट है। तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण उनका समूह चोटी तक नहीं पहुंच पाया। शशि शेखर ने शांति रॉय जो कि पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने माउंटेनियरिंग क्लब में से एक ट्रैवेलर्स गिल्डट के सेक्रेटरी हैं, के मार्गदर्शन में इस एक्सपीडिशन का प्रयास किया। शशि शेखर ने इससे पूर्व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआइएमएएस), अरुणाचल प्रदेश से पर्वतारोहण का कोर्स किया है, जहां उन्होंने 16500 फीट पर स्थित गोरिचेन ग्लेशियर पर ट्रेनिंग किया था।पर्वतारोहण के शौकीन शशि शेखर का आगे चलकर कई ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। उनकी इस उपलब्धि पर भीगणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों एवं नगरों में सफल बनाने को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी आलाकमान सोनिया गांधी के आह्वान एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में सात सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की गई है। कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा 12 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 3500 किलोमीटर दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा



नहीं गुजरेगी वैसे राज्यों के जिलों में बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में रविवार को भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ कतरास सूर्य मंदिर से किया जाएगा। 12 सितंबर को धनबाद नगर, 13 सितंबर को गोविंदपुर प्रखंड में 14 सितंबर को बलियापुर प्रखंड में, 15 सितंबर को निरसा, 16 सितंबर को तोपचांची, 18 सितंबर को सिंदरी नगर में, 19 सितंबर और 22 सितंबर को झरिया प्रखंड में व 24 सितंबर को धनबाद प्रखंड में भारत जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया जाएघा। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र वर्मा, मदन महतो, शमशेर आलम, मुख्तार खान, योगेंद्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, मनोज यादव, जाहिर अंसारी, डीके सिंह, संतोष राय, जितेश सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, बबलू दास, इम्तियाज अली, राहुल राज, डीएन यादव, अवधेश पासवान, मधुसूदन मोदक, शहजादा हुसैन, संजय सिंह चौधरी, प्रभाकर नोनीया, जावेद रजा, भोलानाथ सिंह, प्रमोद सिंह, प्रीतम रवानी, मसूद आलम, निवारण महतो, पंकज चौधरी, रमेश राय, संजीव चौहान, अरविंद सैनी, भास्कर झा, सुखदेव हांसदा, अखिलेश चौधरी, अशोक दत्ता और वाईपी दत्ता आदि थे।

## पीएम आवास की राशि लेकर काम नहीं करने वाले पांच लाभुक पर मामला दर्ज

धनबाद (आजाद सिपाही)। पूर्वी टुंडी प्रखंड में वर्षों पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर आवास नहीं बनाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को प्रखंड के पांच लाभुकों को पूर्वी टुंडी पुलिस पकड़ कर थाने ले आई। बीडीओ यस्मिता सिंह ने बताया कि उकमा पंचायत के तीन, मोहलीडीह और मैरानवाटांड़ पंचायत से एक-एक वैसे लाभुकों को पकड़ा गया, जिसने वित्तीय वर्ष 2016-17 में ही पीएम आवास बनाने के लिए पैसे लेकर अबतक आवास पूर्ण नहीं किया है। बीडीओ ने बताया कि ऐसे दर्जनों लाभुक हैं, जिन्होंने पीएम आवास का पैसा लेकर आवास नहीं बनाया है।

## दिव्यांग बच्चे से मारपीट मामले की जांच करने जीवन संस्थान पहुंची राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भगतडीह।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला स्थित जीवन संस्थान के संस्थापक अनिल सिंह व उसके परिवार द्वारा दिव्यांग बादल पाठक के साथ बेहरमी से मारपीट करने के मामले में शनिवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग की एक टीम जांच करने पहुंची। राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के डॉ राजेंद्र मलिक समेत जिला समाज कल्याण अधिकारीयों ने जीवन संस्था के अन्य दिव्यांग बच्चों, सहायक कर्मियों व संस्थापक से पूछताछ की। टीम ने बताया कि बादल पाठक के परिजनों से भी पूछताछ की गई है। जांच चल रही है। जांच पूरी होने



पर रिपोर्ट विभाग को भेजी जाएगी। गौरतलब है कि 17 जून को जीवन संस्था में अध्यनरत दिव्यांग बादल पाठक के साथ बेहरमी से मारपीट की गई थी। उसके शरीर पर दर्जनों चोट के निशान मिले थे। पैर को आयरन से जलाया गया था। घटना की लिखित शिकायत बादल पाठक के परिजनों ने धनबाद डीसी समेत आला अधिकारियों से की थी।


**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी सरकारी शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिले के आधिकारिक Website-Koderma.nic.in पर कोडरमा जिला अन्तर्गत प्रारम्भिक विद्यालयों में कार्यरत सभी कोटि के सहायक शिक्षकों की विद्यालयवार एवं Zonewise सूची अपलोड की गई है।

अतः आप सभी को निदेश दिया जाता है कि अपलोड की गई विवरणी में यदि कोई त्रूटि हो, तो अन्तिम तिथि दिनांक 13 सितम्बर 2022 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित हो कर दावा–आपत्ति आवेदन साक्ष्य के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा

PR 277487 Jharkhand Education Project Council (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 09/2022-23 (अतिअल्पकालिक निविदा)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 19.09.22 से 20.09.22 तक कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 21.09.2022 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.09.2022 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुण्डा | 1. पंचायत–नवादा, ग्राम–सिन्दुरिया में बबकुम टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–नवादा, ग्राम–सिन्दुरिया में खुटवलिया में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | कुण्डा | 1. पंचायत–सिदकी, ग्राम–हिन्दीयाकला में बिरहोर टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–नवादा, ग्राम–बनियाडीह में युपीएस टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | कुण्डा | 1. पंचायत–कोवाडीह, ग्राम–हारूल में खास टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–कोवाडीह, ग्राम–करिलगड्डा में मंझु टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1195708.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 4 | कान्हाचट्टी | 1. पंचायत–बिरीदिरी, ग्राम–कान्हाकला में रामनगर प्ले ग्राम्उड टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–कोलैया, ग्राम–गेरी में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1195708.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 5 | चतरा | 1. पंचायत–पारडीह, ग्राम–सजना में ब्लॉक ऑफिस कैम्पस में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–कोरचा में खास टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | चतरा | पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–कोरचा में भुईयां टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 908172.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 7 | चतरा | 1. पंचायत–डाढ़ा, ग्राम–बेरियों में उपर बेरिया में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–भांग में दुम्ही में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–बरेनी, ग्राम–लुटु में मधुरिया तरी में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–पारडीह, ग्राम–सजना में बीडीओ रेसिडेंस के पास एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–गोढ़ाई, ग्राम–फरेंदा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 8 | चतरा | पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण। (3 अदद) | 4526937.00 | 91000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | हण्टरगंज | 1. पंचायत–तिलहेत, ग्राम–लुटा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–तिलहेत, ग्राम–फटा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 575072.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 10 | पत्थलगड्डा | 1. पंचायत–मेराल, ग्राम–मेराल में ठेका टांड़ में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–मेराल, ग्राम–मेराल में टांगा गढ़ा में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–मेराल, ग्राम–मेराल में घामा पहाड़ में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–मेराल, ग्राम–सतकुआ में पचम्बा में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–मेराल, ग्राम–जोरी में किटापीरी में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 6. पंचायत–नावाडीह इमील, ग्राम–नावाडीह में कुम्का टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 7. पंचायत–नावाडीह इमील, ग्राम–मरंगा में शेख टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 2012752.00 | 41000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | लावालौंग | 1. पंचायत–सिलदाग, ग्राम–टिकुलिया में स्कूल टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–हेडुम, ग्राम–ओरी में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–रिमी, ग्राम–टिकदा में स्कूल टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–कटिया, ग्राम–रतनाग में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–कटिया, ग्राम–बाराडीह में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 12 | सिमरिया | 1. पंचायत–चोपे, ग्राम–बेड़स में पश्चिम आवासी टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–चोपे, ग्राम–बेड़स में पुरब आदिवासी टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–पुण्डरा, ग्राम–सिकरी में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–जिरवाखुर्द, ग्राम–अरेगड़ा में बटनिया गोसाई में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–पुण्डरा, ग्राम–सिकरी में देवी मंडप टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 13 | टण्डवा | पंचायत–पदुमपुर, ग्राम–लेम्बुआ में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 287536.00 | 6000.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 277515 Rural Development (22-23)_D


### सरकारी बाबुओं की अनदेखी से कुलटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र खंडहर में तब्दील

# नौनिहालों के पठन-पाठन के लिए बने अधूरे भवन में भ्रष्टाचार मिला तो होगी कार्रवाई : जीप अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के पदुगोड़ा पंचायत अंतर्गत कुलटांड़, राधानगर सहित अन्य गांवों में गरीब बच्चों के लिये प्रारंभिक शिक्षा के लिए सभी गांवों में सरकार ने आंगनबाडी स्कूलों का निर्माण करवाया है। पर तमाम आंगनबाडी स्कूल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है। पदुगोड़ा पंचायत स्थित किसी भी गांव में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना कहे जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह निर्मित नहीं हो सके हैं। वे वर्षो से अर्धनिर्मित हैं। मोटी कमाई के चक्कर में भ्रष्टाचारियों द्वारा निम्न गुणवत्ता वाले समाग्रियों का इस्तेमाल कर जैसे-तैसे बिल्डिंग तो बना दिया गया। पर स्कूल पूरी तरह बनकर समर्पित





नहीं किया जाता है। जो धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने लगता है। इसी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पदुगोड़ा पंचायत में बना आंगनबाड़ी स्कूल भी चीख-चीख कर सरकारी बाबुओं की अनदेखी और भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है। खंडर में तब्दील बिल्डिंग रात में असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। शराबी-जुआरी व नसेड़ी दिन में भी निर्भिक होकर यहां मनमानी करते हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के अधिकारीयों से लिखित शिकायत भी किये। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस संबंध मे धनबाद जीप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि अधिकारियों की अनदेखी की वजह से अभी तक केंद्र का नवनिर्मित भवन अधूरा पड़ा हैं। इसके बारे में उन्हें भी ग्रामीणों के माध्यम से दानकारी मिली हैं। इस मामले को लेकर मैं धनबाद डीसी से मिलूंगी और अधूरे पड़े तमाम आंगनबाडी केंद्रों को जल्द से जल्द शुरू कराने का प्रस्ताव रखूंगी। अगर अर्द्धनिर्मित केंद्र के निर्माण में भ्रष्टाचार के सबूत मिलते हैं तो इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केवट ने बताया कि ये सिर्फ बाघमारा का ही नहीं बल्कि धनबाद जिले के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों का ऐसा ही हाल हैं। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होना, समझ से परे हैं। सरकार भ्रष्ट जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीयों पर संज्ञान ले और अचित कार्रवाई करें। ताकि जनता को सरकार द्वारा दी गई योजना का फायदा पहुंच सके। जरूरत पड़ने पर इसकी शिकायत डीसी से भी की जाएगी। वहीं, पूर्व वार्ड सदस्य संजय दास ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के कारण आजतक ये केंद्र अधूरे हैं। पूर्व मुखिया ममता देवी का पुत्र विकास अग्रवाल द्वारा ठेकेदारी प्रथा चलाया गया हैं। इसके निर्माण कार्य में न तो लाभुक समिति काम किया हैं, और न ही कोई ग्रामीण। इसकी जांच होनी चाहिये।

